# 'जयपुर के सुगम यातायात प्रबंधन के लिए सांगानेर नए मॉडल के रूप में विकसित हो'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर में विशेष कार्ययोजना के साथ सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सांगानेर क्षेत्र जयपुर शहर का एक अहम हिस्सा है और यह क्षेत्र शहर के विस्तार का केंद्र भी बन रहा है। इसलिए पूरे शहर के लिए सुगम यातायात प्रबंधन की दिशा में सांगानेर क्षेत्र में विशेष कार्ययोजना के साथ सुविधाएं विकसित की जाए ताकि यह स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक मॉडल के रूप में उभर सकें।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सांगानेर क्षेत्र के सर्किल निर्माण एवं सौन्दर्यकरण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से कार्य करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाएं एवं इन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्दे मातरम् रोड पर स्थित सर्किलों के सौन्दर्यकरण के कार्य स्वतंत्रता, संविधान एवं विकसित भारत की थीम के आधार पर किए जाए ताकि इससे आमजन में जागरूकता एवं गर्व की भावना विकसित हो सके। उन्होंने न्यू सांगानेर रोड सहित अन्य मार्गों के चौराहों पर भी सौन्दर्यकरण तथा पौधरोपण के कार्य करवाने के निर्देश दिए। शर्मा ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में भवन एवं सड़क निर्माण मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण अभियान संचालित करने जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत निर्माण से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण समितियों का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को अधिकारियों की बैठक लेकर सांगानेर क्षेत्र के सर्किल निर्माण और सौन्दर्यकरण कार्यों की समीक्षा की।

- **सड़क एवं भवन निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा, प्रदेशभर में चलेगा सघन निरीक्षण अभियान : मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त विभाग एवं जयपुर विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता मार्च का शुभारंभ आज

**जयपुर** (कासं)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 31 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे जयपुर के गांधी सर्किल से एकता मार्च का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। एकता मार्च गांधी सर्किल से बिड़ला मंदिर, रामबाग, अंबेडकर सर्किल होते हुए अमर जवान ज्योति पहुंचेगी।

इस पदयात्रा में विशिष्टजन, प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी, युवा लीडर, पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, विभिन्न कर्मचारी संघ, एनजीओ, राजकीय कार्मिकों सहित बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे। देशभर में गत 6 अक्टूबर को सरदार150-यूनिटी मार्च अभियान शुरू किया है। 2 माह तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान का समापन आगामी 6 दिसम्बर को होगा।

इस अभियान का लक्ष्य इसे पूर्ण जन भागीदारी से संचालित कर देशवासियों विशेषकर युवाओं को सरदार पटेल की विरासत के बारे में जागरूक कर विरासत के प्रति व्यक्तिगत और सामूहिक कृतज्ञता अर्पित करने, उनमें राष्ट्रीय एकता और देश सेवा की भावना को अधिक विकसित करना है।

- **जयपुर के गांधी सर्किल पर शुक्रवार प्रातः 6 बजे होगा आयोजन**
- **25 नवंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में होंगी पदयात्राएं**

31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक जिला स्तरीय पदयात्राएं आयोजित होंगी। 26 नवम्बर को सरदार पटेल की जन्म स्थली करमसाड से 150 किमी लम्बी पदयात्रा शुरू होगी। इस पदयात्रा के 6 दिसम्बर को एकता नगर( स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पहुंचने के साथ ही अभियान का समापन होगा।

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण कड़ी है। नागरिकों को पदयात्रा, प्रतियोगिता आदि पहल के माध्यम से इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। यूनिटी मार्च सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के सम्मान में एक राष्ट्रव्यापी पहल है। यह एक भारत- श्रेष्ठ भारत के घटक के रूप में देश को एकजुट करने में सरदार पटेल की अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के मिशन की कड़ी है। इस अभियान में युवाओं की बेहतर भागीदारी के लिए सरदार150 यंग लीडर्स क्विज, सरदार150 रील कम्पीटिशन और सरदार150 निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पदयात्रा के साथ-साथ, जिलों में विकासात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जल निकायों में स्वच्छता अभियान, "सरदार उपवन" पहल के तहत पौधारोपण, महिला कल्याण शिविर, योग और स्वास्थ्य शिविर और "वोकल फॉर लोकल" अभियान शामिल हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य नागरिकों को जुटाना, स्थानीय नवाचार का जश्न मनाना और युवा ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाना है।

## जेलों के हालातों पर दौरा रिपोर्ट मांगी

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने कैदियों के कल्याण से जुड़े मामले में हाईकोर्ट प्रशासन के वकील को कहा है कि वह पूर्व में दिए आदेश की पालना में जिलों के डीजे की ओर से जेलों का दौरा कर बनाई रिपोर्ट पेश करें। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई एक माह बाद तय की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने गत 18 अगस्त को प्रदेश के सभी डीजे को कहा था कि वे स्थानीय जेलों का दौरा कर देखे की जेल सुधार को लेकर दिए अदालती आदेश की पालना हुई है या नहीं। इसके बावजूद भी तक सभी जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं मामले से जुडे वकील एसपी शर्मा ने कुछ डीजे की निरीक्षण को लेकर अदालत में रिपोर्ट पेश की। इस पर अदालत ने हाईकोर्ट प्रशासन के वकील को कहा कि वे सभी डीजे की रिपोर्ट मंगवा कर अदालत में पेश करें।

# जे.एल.एफ. के वक्ताओं की दूसरी सूची जारी



स्टीफन अल्टर



विलियम सीघार्ट

एलिस ओसवाल्ड

किरण देसाई

**जयपुर** । जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) दुनियाभर में पुस्तकों, विचारों और कहानी कहने के सबसे प्रतिष्ठित उत्सव के रूप में जाना जाता है। यह फेस्टिवल 15 से 19 जनवरी 2026 तक जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित होगा।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) साहित्यिक तथा सांस्कृतिक जगत की विविध आवाज़ों को एक मंच पर लाने की अपनी समृद्ध परंपरा को इस साल भी जारी रखेगा। इसमें शामिल होने वाले वक्ताओं की दूसरी सूची गुरूवार को जारी की गई है। इनमें सर्न जिनेवा की वरिष्ठ भौतिक विज्ञानी अर्चना शर्मा, भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन, नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री एस्तेर डुफलो और पुरस्कृत पत्रकार तान्या तलागा शामिल हैं। इसी तरह आयरलैंड के पूर्व 'ताओसीच' (प्रधानमंत्री) लियो वराडकर, प्रसिद्ध कला इतिहासकार और क्यूरेटर डेबरा डायमंड, "प्राइवेट आई" के संपादक और विख्यात व्यंग्यकार इयान हिसलोप, प्रख्यात कवि और उपन्यासकार जीत थायिल, बुकर पुरस्कार विजेता लेखक किरण देसाई तथा प्रकृति कवि एलिस ओसवाल्ड भी इस समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रतिष्ठित वक्ताओं में कला समीक्षक और ब्रॉडकास्टर एंड्रयू ग्राहम-डिक्सन, उपन्यासकार अश्विन सांघी, पंथप्रदर्शक लेखिका कुंजांग चोडेन रोडर, इतिहासकार और जीवनी लेखक नारायणी बसु, प्रशंसित पोषण विशेषज्ञ और लेखिका ऋजुता दिवेकर, पुरस्कार विजेता लेखक और हिमालय के इतिहासकार स्टीफन अल्टर, दिव्यांगता अधिकार कार्यकर्ता और लेखिका तारिणी मोहन, साहित्यिक समर्थक और प्रकाशक विलियम सीघार्ट तथा तेलुगु नारीवादी लेखिका वोल्गा भी शरीक होंगे।

## जयपुर में जुटेंगे देश-विदेश के दंत रोग विशेषज्ञ

**जयपुर** । ऑसियोइंटीग्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से द्वितीय वार्षिक सम्मेलन जयपुर में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक होटल क्लार्कस आमेर में आयोजित होगा।

आयोजन सचिव डॉ. संकल्प मित्तल ने बताया कि यह सम्मेलन भारत में अब तक के सबसे बड़े दंत प्रत्यारोपण सम्मेलनों में से एक है। इसमें पूरे भारत और विदेश से लगभग 1500 दंत शल्य चिकित्सक (डेंटल सर्जन) और प्रत्यारोपण विशेषज्ञ (इंप्लांटोलॉजिस्ट) भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें 75 से अधिक दंत प्रत्यारोपण विशेषज्ञ अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करेंगे, जिनमें 15 से अधिक अंतरराष्ट्रीय वक्ता शामिल है। कांफ्रेंस के आयोजन अध्यक्ष डॉ. गौरव पाल सिंह ने बताया कि सम्मेलन में यूएसए से डॉ. थॉमस अल्ब्रेक्टसन, पुर्तगाल से डॉ. पाउलो मालो, यूएसए से डॉ. शंकर अय्यर, हांगकांग से डॉ. जेम्स चाउ, यूएसए से डॉ. रॉबर्ट क्रिस्टीन शरीक होंगे।

कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. सतीश भारद्वाज ने बताया कि अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं में डॉ. एन डो वियतनाम (डिजिटल डेंटिस्ट्री विशेषज्ञ), डॉ. योशीहितो जापान, डॉ. एल्विन वी यूएसए, डॉ. विशाल गुप्ता ऑस्ट्रेलिया और डॉ. किशोर भंडारी नेपाल (जाइगोमैटिक इंप्लांट्स विशेषज्ञ) शामिल है। कांफ्रेंस के को-चेयरमैन डॉ. एच एल गुप्ता ने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्घाटन राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे। यह सम्मेलन दंत शल्य चिकित्सकों के लिए ज्ञान, कौशल और नवीनतम तकनीकों को सीखने का एक अभूतपूर्व मंच होगा।

## सार-समाचार

### डॉ. विकास जैफ को 'जयपुर गौरव सम्मान'

**जयपुर** । चिकित्सक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. विकास जैफ को चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए 'जयपुर गौरव सम्मान अवार्ड' से सम्मानित किया गया। जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में फर्स्ट इंडिया ग्रुप की ओर से आयोजित समारोह में उन्हें यह पुरस्कार मिला, जो कि उन्हें समाजहित, शिक्षा प्रसार और मानव सेवा के प्रति समर्पण की भावना के लिए प्रदान किया गया है। समारोह में प्रदेश के अनेक गणमान्य अतिथि, कैबिनेट मंत्री, विधायक एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन उपस्थित रहे। फर्स्ट इंडिया के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने चिकित्सा, शिक्षा और समाजसेवा जैसे क्षेत्रों में डॉ. विकास जैफ जैसे लोग निरंतर समाज के उत्थान के लिए कार्यरत हैं। डॉ. विकास जैफ चिकित्सा, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। वे जयपुर डेंटल कॉलेज, महाराज विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय, तथा जैफ इंटरनेशनल विश्वविद्यालय (युगांडा) के चेयरपर्सन हैं। इसके साथ ही वे राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष और डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं।

### निवर्तमान अध्यक्ष दशरथ कुमार का सम्मान

**जयपुर** । राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और कार्यकारिणी ने गुरूवार को निवर्तमान अध्यक्ष दशरथ कुमार का स्वागत किया। दरअसल दशरथ कुमार सेवानिवृत्ति से पूर्व राजस्थान आवासन मण्डल में वरिष्ठ कार्मिक प्रबन्धक द्वितीय के पद पर पदोन्नत हुए है। इस उपलक्ष्य में गुरूवार को राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन सिंह, महामंत्री रमेश चन्द शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्द नाटाणी, संयुक्त महासचिव मो. युसुफ खान, मनुज ठाकुर, खेल सचिव मधुर मलिक, मुख्यालय अध्यक्ष अनूप मिश्रा, महिला सचिव नेहा सहित निवर्तमान महामंत्री प्रदीप शर्मा ने दशरथ कुमार को साफा गुलदस्ता एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### गणिनी सरस्वती माताजी ने दिया उद्बोधन

**जयपुर।** दुर्गापुरा जैन मंदिर में चातुर्मास रत गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ने "वर्तमान पीढ़ी का सर्वांगीण विकास" कार्यक्रम में 150 से अधिक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, दुर्गापुरा की छात्राओं के समक्ष अपना ज्ञानवर्धक, विचारशील उद्बोधन दिया। अपने 45 मिनट के प्रवचन में वास्तविक धर्म क्या है, समय के सदुपयोग का क्या महत्व है, अच्छे विद्यार्थियों में पांच लक्षणों के बारे में संस्कृत के इस श्लोक के माध्यम से चर्चा की । इस अवसर पर प्राचार्य, अध्यापक गण, ट्रस्ट कमेटी के सदस्य गण, समाज के प्रबुद्धजन, महिला मंडल दुर्गापुरा एवं समाज की महिलाओं सहित प्रबुद्ध जन की सहभागिता रही। इससे पूर्व प्राचार्य नीति आहूजा, प्रकाश चांदवाड़, रेखा लुहाड़िया आदि द्वारा चंद्रप्रभ की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। रानी सौगानी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। साथ ही समाज के वयोवृद्ध पूर्व प्राचार्य गुलाब चंद गंगवाल द्वारा छात्राओं को लगन एवं मेहनत से जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में नरेश बाकलीवाल, सुनील संगही, आनन्द अजमेरा, नेमी निगोतिया, जयकुमार बिंदायका, भागचंद पाटनी, गिरीश बड़जात्या, हुकम चंद बाकलीवाल, रेखा पाटनी, रेणु पांड्या, वर्षा अजमेरा, माया संगही, नीतू बाकलीवाल, मनोरमा बाकलीवाल, रजनी बोहरा, छवि बिंदायका आदि की गरिमामय भागीदारी रही। कार्यक्रम संयोजक जैन बैंकर्स फोरम से सुभाष जैन, जितेंद्र जैन, सुरेश जैन, एस सी जैन, भाग चन्द जैन मित्रपुरा की सक्रिय सहभागिता रही।

### 6.45 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**जयपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए 6 ग्राम 45 मिलीग्राम स्मैक के साथ एक महिला सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही स्मैक ब्रिकी की दो हजार 900 रुपये भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने वाली नेहा कुरैशी (23) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को उसके पास से 6 ग्राम 45 मिलीग्राम स्मैक सहित ब्रिकी की दो हजार 900 रुपये जब्त किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित महिला पिछले कुछ दिनों से ही स्मैक का काम करने में लगी थी और स्मैक को बेचने वालो से तीन हजार से 4 हजार के प्रति ग्राम के हिसाब से खरीद कर उनकी छोटी-छोटी पुडियां बना कर तीन सौ रूपये के हिसाब से बेचते है। पुलिस आरोपित महिला से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## अलका सक्सेना की पुस्तक का लोकार्पण कल होगा

**जयपुर** । सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की पूर्व अतिरिक्त निदेशक और लेखिका अलका सक्सेना की तीस साल से अधिक की जनसम्पर्क यात्रा के सफर को समझने के लिए उनकी बहुचर्चित पुस्तक "अब जब बात निकली है" शनिवार को पाठकों के सामने आ जाएगी। यह पुस्तक एक जीवनी ना होकर एक विचार की कहानी है। पुस्तक का विमोचन शनिवार, एक नवम्बर को झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, जयपुर में होगा। विमोचन समारोह में जनसम्पर्क और पत्रकारिता क्षेत्र की अनेक हस्तियां शामिल होगी। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश वर्मा जो जन संपर्क विभाग के चर्चित निदेशक कम सचिव भी रह चुके होंगे। विशिष्ट अतिथि, मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी गोविन्द पारीक और पूर्व आयुक्त सुनील शर्मा होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा करेंगे। इस पुस्तक में सेवा, संघर्ष और विभिन्न उपलब्धियों के उन निर्णायक क्षणों का भी उल्लेख है जिसमें लेखिका ने सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी से अतिरिक्त निदेशक तक की अपनी तीन दशकों की जनसम्पर्क यात्रा के दौरान अनुभव किए।

अलका सक्सेना

## मिलने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया

**जयपुर** । बनी पार्क थाना इलाके में एक शातिर युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और मिलने का झांसा दे अकेले में बुलाया । जहां पर आरोपी ने युवती के अकेलेपन का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती को शादी करने का झांसा देता रहा और अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसकी आबरू लूटता रहा। एक साल बाद युवती ने आरोपी प्रेमी पर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर युवती ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 29 वर्षीय युवती का आरोप है कि आरोपी से उसकी मुलाकात करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। आरोपी ने वर्ष 2024 अक्टूबर माह में उसे मिलने के बहाने बनीपार्क बुलाया और अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी का झांसा देकर 1 साल तक आबरु से खेलता रहा।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को उम्रकैद

**जयपुर** । पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने नाबालिग को अपने साथ ले जाकर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सादिक अहमद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर सत्तर हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीडिता को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने का अपराध किया है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। इसके अलावा यदि इसमें पीडिता की सहमति भी थी तो भी अपराध कम नहीं होती, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एसएस राजावत ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने 16 जनवरी, 2023 को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी सुबह से लापता है। रिश्तेदार और आसपास ढूंढने के बाद भी उसका पता नहीं लगा है। वहीं अभियुक्त भी अपने घर से फरार है। उसे अंदेशा है कि अभियुक्त उसे बिहार ले गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए कुछ दिन बाद पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि घटना के दिन उसे अकेली देखकर अभियुक्त उसे अपने साथ जबरन ट्रेन से सूरत ले गया। जहां उसने चार दिन तक संबंध बनाए। इसके बाद अभियुक्त उसे अपनी कटियार, बिहार स्थित अपनी बहन के घर ले गया और करीब आठ दिन तक संबंध बनाए। वहीं बाद में उसे अपने गांव ले जाकर वहां भी दो दिन तक संबंध बनाए। इस दौरान उसने मौका देखकर अपने पिता को फोन कर दिया।

## सरदार पटेल की जयंती पर बधाई दी

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता सरदार पटेल ने राष्ट्र को अखण्ड बनाए रखने में ऐतिहासिक योगदान दिया। आज का एकीकृत भारत सरदार पटेल की कूटनीति, दृढ़ इच्छाशक्ति व दूरदर्शिता का ही परिणाम है।

# अपहरण और लूट करने वाली गैंग के तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और लूट करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन(कार) भी जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने सोशल मीडिया के जरिए पीड़ित युवक से सम्पर्क किया था और फिर व्यवसायी मिटिंग के बहाने बुलाकर अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और लूट करने वाली गैंग के शातिर बदमाश रामकल्याण गुर्जर (32) निवासी मंडालिया मैदा चाकसू हाल किशनबाग भट्टा बस्ती और रविंद्र नाथ उर्फ रवि (19) व प्रवेश सिंह (20) निवासी हिंडौन जिला करौली को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमें मामले में फरार बदमाश विकास मीणा की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस आरोपियों से लूट की रकम बरामदगी के प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि अपहरण कर लूट की वारदात मुकेश कुमार वासवानी से हुई थी। जिसे 17 अक्टूबर को सोशल मीडिया ऐप के जरिए मिलने को जलमहल पर बुलाया।

वहां कार में बैठाकर साइट दिखाने के लिए जयपुर-दिल्ली हाईवे ले गया। रास्ते में उसके साथी भी कार में बैठ गए। मारपीट कर मोबाइल छीनकर ऑनलाइन 51 हजार रुपए ट्रांसफर कर लूट लिए। इसके बाद दिल्ली बाईपास पर दौलतपुरा टोल के पास पटक कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने अपहरण और लूट करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए पुनरीक्षण शुरू

**जयपुर** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर को राज्य में मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूचियों की शुद्धता, पूर्णता एवं समयबद्ध अद्यतन सुनिश्चित करना है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्रिंटिंग एवं प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सम्पन्न होगा। इसके पश्चात घर-घर मतदाता गणना प्रपत्र वितरण एवं मतदाता केन्द्रों का पुनरीक्षण 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 9 दिसम्बर को होगा, तथा दावे एवं आपत्तियाँ 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि जयपुर जिले में कुल 17 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें जयपुर शहर, झोटवाड़ा, सिविल लाइंस, हवामहल, किशनपोल, दूदू, बगरू, बस्सी, विराटनगर और फुलेरा प्रमुख हैं। जिले में 17 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं 83 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) कार्यरत हैं। कुल 5046 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 744 नये केन्द्रों का समावेश किया गया है। वर्तमान में जिले में 48 लाख 23 हजार 379 मतदाता पंजीकृत हैं - जिनमें 23 लाख 19 हजार 714 महिला मतदाता और 101 तृतीय लिंग के मतदाता सम्मिलित हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि गणना प्रपत्र में विस्तृत जानकारी सम्मिलित करते समय कोई भी आवेदक विगत पुनरीक्षण में दर्ज अपने या अपने परिवार के नाम की जानकारी वेबसाइट से प्राप्त कर सकेगा। जिन मतदाताओं के फार्म वापस नहीं आए हैं, उनके सम्भावित कारण जैसे अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृत्यु या डुप्लीकेट की स्थिति बी.एल.ओ. द्वारा सत्यापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि गणना अवधि के दौरान किसी भी मतदाता से कोई दस्तावेज एकत्र नहीं किए जाएंगे। मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे अपने संबंधित बी.एल.ओ. को सहयोग करते हुए अपने माता-पिता के नामों की सुनिश्चित करें, जिससे गणना प्रपत्र के साथ अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता न हो।